दिनांक : 15.03.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

1- केंद्र सरकार ने देश में पर्याप्त डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता का आश्वासन दिया। लोगों से एलपीजी सिलेंडरों की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने का किया आग्रह।
2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कटनी में एक हजार करोड़ की योजनाओं की सौगात दी, कहा जिले में जल्द खुलेगा मेडिकल कॉलेज।
3- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से 42 हजार से अधिक मामलों का निपटारा।

4- भोपाल में फिट इंडिया कार्निवाल का आज दूसरा दिन, खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- खुद फिट रहें और परिवार को भी करें प्रेरित।

अब समाचार विस्तार से...

एलपीजी गैस उप्लब्धता

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया है कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

सुश्री शर्मा ने बताया कि 29 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है। इधर प्रदेश में खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने एलपीजी की उपल्बधता के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आयल कंपनी के स्टेट नोडल अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने बताया गया कि प्रदेश में गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है तथा प्रदेश के 11 बाटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में पर्याप्त सिलेन्डर

उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति है, उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अफवाहों से भ्रमित न हों।

जनजातीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुरहानपुर जिले के नेपानगर में 'जनजातीय सम्मेलन में शामिल होंगे वे यहां 363 करोड़ 82 लाख रूपये के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कार्यशाला में भी सहभागिता करेंगे। कार्यशाला में जनजातीय बाहुल्य नेपानगर में जनजातीय समुदाय की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव संवाद भी करेंगे। जनजातीय सम्मेलन में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन, वन विभाग की "विकास प्रदर्शनी" भी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित करेंगे।

मुख्यमंत्री कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कटनी जिले के बरही में आयोजित 'कृषि महोत्सव' में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार धरती पुत्र किसान की खुशहाली और विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने गांव-गांव तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में किसानों को सिंचाई के लिए अब दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि कटनी में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। डॉ. यादव ने कृषक कल्याण वर्ष 2026 में कटनी को 1000 करोड़ की सौगात दी एवं जिले के लिए 243 करोड़ रूपये की लागत के 97 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इसमें नवनिर्मित पुल, महाविद्यालय और सांदीपनि विद्यालय भी शामिल हैं।

लोक अदालत

प्रदेश में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ जबलपुर के साथ इंदौर व ग्वालियर खंडपीठ सहित जिला व तहसील न्यायालयों में लंबित 42 हजार 278 केसों का निपटारा किया गया। इसके अलावा एक लाख 25 हजार 353 प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी सुलझाए। इन मामलों में कुल 6 अरब 28

करोड़ 36 लाख 338 रु. के दावों का निपटारा हुआ। प्रदेशभर में लोक अदालत के लिए 1618 पीठों का गठन किया गया था। जबलपुर में आठ पीठों ने मामलों की सुनवाई की। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर और सिवनी मालवा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। धार जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 2129 प्रकरण निराकृत किए गए। खंडवा जिले में 3644 प्रकरणों का निराकरण किया गया तो वहीं आपसी सहमति से 27,254 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 57 करोड़ 16 लाख 88 हजार 328 रुपए की अवार्ड राशि पारित हुई। आगरमालवा जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालय सुसनेर व नलखेड़ा में गठित की गई नौ खंडपीठों के समक्ष न्यायालय में 583 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 471 व्यक्ति लाभान्वित हुए और लगभग 1 करोड़ 9 लाख 44 हजार 350 रुपये की वसूली की गई। मंदसौर में 805 मामलों का निपटारा किया गया। इंदौर में उच्च न्यायालय खंडपीठ में आपसी सुलह से 180 मामलों का निराकरण हुआ। जिसमें कुल 3 करोड़ 8 लाख 47 हजार 806 रुपये की राशि के अवार्ड पारित।

विश्व उपभोक्ता दिवस

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज दोपहर 1 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ ही राज्य स्तरीय उपभोक्ता प्रदर्शनी की भी शुरुआत करेंगे।

उधर शिवपुरी जिले में भी विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

फिट इंडिया कार्निवल

भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की भोपाल शाखा द्वारा दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। शुभारंभ पश्चात पारंपरिक खेल मलखंभ और सांस्कृतिक नृत्यों की भव्य प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही किसी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया फिट इंडिया मूवमेंट आज पूरे देश में जन आंदोलन का रूप ले चुका है।

केन्द्रीय संचार मंत्री सिंधिया

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास क्षेत्र मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया आज  अशोकनगर आयेगें। वे ग्राम मढी महिदपुर में भाजपा की पूर्वसगठन मंत्री हितानंद शर्मा की स्व. माताजी के निधन होने पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृंद्धाजलि देगें। इसी प्रकार तहसील ईसागढ के ग्राम महुअन पहुंचकर पूर्व विधायक चंदेरी स्व. राव राजकुमार सिंह यादव के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर श्रृंद्धाजलि अर्पित करेगें। इससे पहले कल श्री सिंधिया ने गुना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की थी।

बीसीसीआई-नमन अवॉर्ड्स

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित नमन अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन करेगा। इस समारोह में, क्रिकेट के दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा, जो भारतीय क्रिकेट में असाधारण सेवा के लिए BCCI द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। वही, भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को महिला क्रिकेट में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए BCCI लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। नमन अवॉर्ड्स में वर्ष 2024-25 क्रिकेट सीज़न में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

1- भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल में 8 से 14 मार्च तक ग्लूकोमा अवेयरनेस वीक के तहत आयोजित विशेष स्क्रीनिंग कैंप 60 से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की गई।
2- इंदौर जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आज

रविवार को भी सभी गैस एजेंसियों पर गैस बुकिंग और रिफिल सामान्य दिनों की तरह होगी।

3- खरगोन में दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ पूर्व कृषि राज्य मंत्री विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बलवाड़ी सब्जी मंडी प्रांगण में किया।
4- मंदसौर के महरानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
5- मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के अंतर्गत झाबुआ जिले के मेघनगर और थांदला क्षेत्र में 193 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया
6- नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने कल जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता, पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता की स्थिति, सहित अन्य विकास गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

------------------------